# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA

## Final Examination (4 March 2025)

## Subject - Hindi

## Class - VI (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

**(भाग-क) पठन**

**प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** **(5)**

पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने से ऋतुओं में परिवर्तन होता है। प्रकृति सदैव अपने रंग-रूप में परिवर्तन करती रहती है और यही परिवर्तन प्रकृति का नियम है। यही कारण है कि भारतवर्ष में छह ऋतुएँ होती हैं। सभी ऋतुओं का अपना-अपना महत्व है और सभी की अपनी-अपनी शोभा है, परंतु वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत और ग्रीष्म में से वसंत ऋतु का विशेष महत्व है। ग्रीष्म अपने भयंकर ताप से पृथ्वी को तपाता है, तो वर्षा अपने ठंडे-ठंडे जल से धरती की प्यास बुझाती है। शरद और हेमंत अपनी सर्द हवाओं से कंपन उत्पन्न करते हैं। शिशिर पेड़-पौधों के पत्तों को ही झटक लेता है। इसके विपरीत वसंत सर्वत्र सौंदर्य और उल्लास बिखेरकर मानव के मन को प्रसन्नता व उमंग से भर देता है। फाल्गुन और चैत्र के दो महीने वसंत ऋतु के होते हैं। वसंत ऋतु में न अधिक गरमी होती है, न अधिक सरदी। जलवायु भी बहुत सुहावनी होती है।

क) ऋतुओं में परिवर्तन का कारण है-
1) सूर्य की परिक्रमा करना  2) पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करना
3) चंद्रमा का अपनी धुरी पर घूमना  4) सूर्य द्वारा पृथ्वी की परिक्रमा करना

ख) वसंत ऋतु के दो माह कौन-से है?
1) क्वार-आषाढ़  2) फागुन-चैत्र  3) सावन-भाद्रपद  4) माघशीर्ष-फागुन

ग) भारतवर्ष में कितनी ऋतुएं है?
1) चार  2) पाँच  3) आठ  4) छह

घ) किस ऋतु में मानव का मन प्रसन्नता और उमंग से भर जाता है?
1) हेमंत  2) बसंत  3) ग्रीष्म  4) वर्षा

ङ) शिशिर किनको झटक लेता है?
1) धरती को  2) पेड़-पौधों के पत्तों को  3) चाँद को  4) सूर्य को

**(भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण**

**प्र2. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करें:** **(1)**

कहा, चाद

**प्र3. लोकोक्तियों का उनके सही अर्थ से मिलान करके लिखें:** **(2)**

| | |
|---|---|
| क) काला अक्षर भैंस बराबर | 1) मुसीबत को बुलावा देना |
| ख) आ बैल मुझे मार | 2) ऊपरी दिखावा |
| ग) ऊँची दुकान फीका पकवान | 3) सही न्याय करना |
| घ) दूध का दूध पानी का पानी | 4) बिलकुल अनपढ़ |

A-1

Scanned with CamScanner

प्र4. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का भेद बताएँ- (2)

क) पिता जी बैंक जा रहे है।

ख) बच्चे झूला झूल रहे है।

प्र5क) समस्तपदों का समास विग्रह करें- (1+1=2)

1) रसोईघर 2) गंगाजल

ख) समास विग्रहों के समस्तपद बनाएँ-

1) धन से हीन 2) आप पर बीती

प्र6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद बताएँ- (2)

क) वह सौ बार रस्सी कूद लेती है।

ख) मंदिर का रास्ता किसी से पूछ लेते है।

प्र7क) निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्न भरें- (1+1=2)

1) पुलिस ने चोर ............ पीटा।

2) पेड़ ........... फूल झर रहे है।

ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का कारक भेद बताइए-

1) माँ छत पर कपड़े सुखा रही है।

2) रवि साइकिल से गिर गया।

प्र8क) शब्द की परिभाषा लिखें। (1+1=2)

ख) निम्नलिखित तत्सम शब्दों का तद्भव रूप लिखें।

(1) रात्रि (2) मास

प्र9क) संधि कीजिए- (1+2=3)

1) सीमा + अंत 2) रजनी + ईश

ख) संधि विच्छेद करें।

1) महाशय 2) भूष्मा

प्र10. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें- (3)

पुस्तक, विज्ञान, भारत

प्र11. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (3)

सूरज, हाथ, रात

प्र12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें- (3)

सरल, पाप, ज्ञान, धनी, हानि, समीप

प्र13. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए: (3)

क) जिसका कोई आकार न हो -

ख) जो नगर में रहता हो -

ग) जो स्वयं सेवा करता हो -



Scanned with CamScanner

प्र14क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो नए शब्द बनाएँ: (2+1=3)

1) आ 2) वाला

ख) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करें:

नमकीन

प्र15. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

क) अभी गाड़ी आने को देर है।

ख) तुम्हारे शरीर के अंदर बहुत शक्ति है।

ग) बेफिजूल की बात मत करो।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए: (3)

क) तुम्हारे पिता जी क्या काम करते हैं

ख) श्रीरामचरितमानस एक महाकाव्य है

ग) बिंदू को संतरा अनार और अंगूर बहुत पसंद हैं

प्र17. निर्देशानुसार करें: (4)

क) तुम यहाँ क्यों बैठे हो? (रेखांकित क्रियाविशेषण का भेद बताएँ)

ख) जंगल के पास एक गाँव था। (संबंधबोधक छाँटे)

ग) बाज़ार से दाल, चावल ...... आटा ले आओ। (समुच्चय-बोधक भरें)

घ) हाय! मै मर गया। (विस्मयादिबोधक छाँटे)

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

प्र18. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह) (3)

रोड़े, हित, अज्ञात, विकट, कुदरती, पेचीदा, तानाशाह, प्रतिष्ठा

प्र19. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 2) (2)

उपकरण, विश्लेषण, अग्रज

प्र20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई चार) (1×4=4)

क) व्यक्ति को कब पछताना पड़ता है?

ख) ईशान के जीवन में कौन-सी घटना पहली बार हुई?

ग) दिमाग को कंप्यूटर की भाषा में क्या कहा जा सकता है?

घ) सुकरात की पत्नी कैसी थी?

ङ) विश्वास करने योग्य कौन होता है?

प्र21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन) (2×3=6)

क) कवि विश्रांति को पतन क्यों कहते हैं?

ख) दुनिया के वैज्ञानिक हैरान और परेशान क्यों थे?

ग) मनुष्य के शरीर में मस्तिष्क क्या-क्या काम करता है?

घ) बड़ों और बच्चों में क्या अंतर है? (पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए)



Scanned with CamScanner

प्र22. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

किसी भी प्राणी के दिमाग की रचना उसके जीवन की जटिलता के अनुरूप होती है। सरल प्राकृतिक आवास में रहने वाले और छोटी उम्र वाले जीवों का दिमाग बेहद साधारण होता है। कीड़े-मकोड़ों का दिमाग भोजन या दुश्मन को पहचानने और अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ानेभर के लिए होता है। लेकिन जटिल सामाजिक ताने-बाने में रहने वाले मनुष्य का दिमाग अत्यंत विकसित होता है तथा भाषा व विचार जैसे पेचीदा काम भी वह करता है।

क) अगर हमारे पास दिमाग न होता तो हम कैसा जीवन व्यतीत करते?

1) मानव जैसा 2) जानवरों जैसा 3) वैज्ञानिकों जैसा 4) अध्यापकों जैसा

ख) हम जैसे सामाजिक लोगों का दिमाग कैसा होता है?

1) अविकसित 2) शरारती 3) अत्यंत विकसित 4) निकम्मा

ग) छोटे जीव अपने दिमाग का प्रयोग किस लिए करते हैं?

1) भोजन या दुश्मन को पहचानने के लिए
2) इतिहास बनाने के लिए
3) वंश परंपरा बढ़ाने के लिए
4) (1) और (3) दोनों

घ) भाषा व विचार जैसे पेचीदा काम भी वह कर सकता है। इस पंक्ति में वह शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है?

1) दिमाग 2) मनुष्य 3) पक्षी 4) जीव

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

**वर्षा का एक दिन**

**अथवा**

**मेरी बस यात्रा**

प्र24. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

बहन के विवाह पर मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखें।

**अथवा**

अपने बड़े भाई को आपके जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखें।

प्र25. 'दो मित्र' विषय पर एक कहानी लिखें। (5)

**अथवा**

स्कूल का काम न करने के बारे में मित्रों के बीच होने वाले **संवाद** को लिखें।



Scanned with CamScanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (4 March 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - B)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

एक बार की बात है, राजा भोज अपने महामंत्री के साथ किसी विषय पर चर्चा करते-करते राजधानी से बहुत दूर निकल गए और रास्ता भटक गए। उनके सामने समस्या थी कि कैसे लौटें? तभी उन्हें एक बुढ़िया दिखाई दी, उन्होंने उससे पूछा, "माँ, हम राही हैं, रास्ता भटक गए हैं।" यह सुनकर बुढ़िया बोली, "तुम कैसे राही हो जो रास्ता ही भूल गए। राही तो दो हैं—सूर्य और चंद्रमा। युगों से चल रहे हैं, पर राह कभी नहीं भूले।" महामंत्री ने बूढ़ी स्त्री से पूछा, "माँ, यह रास्ता कहाँ जाता है?" उसने कहा, "बेटे, रास्ता कहीं नहीं जाता, वह सदा स्थिर रहता है। लोग ही इससे आते-जाते हैं।" वह अब तक भी उन्हें पहचान नहीं पा रही थी और उनका परिचय ज्ञात करना चाहती थी। राजा भोज ने कहा, "हमें अतिथि समझ लो।" बुढ़िया ने उत्तर दिया, "अतिथि तो दो हैं—धन और यौवन।" राजा भोज जिन्हें अपने ज्ञान पर घमंड था, उस बूढ़ी स्त्री की वाक्पटुता से चकित हो गए और यह मान गए कि ज्ञान किसी की बपौती नहीं।

क) कौन-से राही कभी मार्ग नहीं भूलते?

1) सुख और दुख 2) सूर्य और चंद्रमा 3) अतिथि और यजमान 4) उपरोक्त सभी

ख) बूढ़ी स्त्री ने धन और यौवन की तुलना किनसे की है?

1) राजा से 2) मान-सम्मान से 3) अतिथि से 4) मार्ग से

ग) रास्ता कौन भटक गए थे?

1) बुढ़िया 2) राजा भोज और महामंत्री 3) राजा भोज 4) महामंत्री

घ) 'रास्ता कहीं नहीं जाता' के माध्यम से स्त्री क्या कहना चाहती है?

1) रास्ता चलता है, पर अभी कहीं नहीं जा रहा
2) रास्ता चल नहीं सकता
3) रास्ता सदैव स्थिर रहता है
4) वह राजा के पास लौटने का मार्ग नहीं है

ङ) राजा भोज की क्या समस्या थी?

1) महामंत्री के साथ चर्चा करना 2) वापिस लौटना 3) राजधानी से दूर जाना 4) कोई नहीं

(भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

प्र2. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करें: (1)

वहा, आगन

प्र3. लोकोक्तियों का उनके सही अर्थ से मिलान करके लिखें: (2)

| | |
|---|---|
| क) राई का पहाड़ बनाना | 1) बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना |
| ख) खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है | 2) दूर से हर वस्तु अच्छी लगती है |
| ग) मुँह में राम बगल में छुरी | 3) संगत का असर अवश्य होता है |
| घ) दूर के ढोल सुहावने | 4) देखने में सज्जन हृदय से कपटी |



Scanned with CamScanner

प्र4. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का भेद बताएँ- (2)

क) बंदर केले खाता है।

ख) पक्षी उड़ते है।

प्र5क) समस्तपदों का समास विग्रह करें- (1+1=2)

1) माखनचोर 2) घुड़दौड़

ख) समास विग्रहों के समस्तपद बनाएँ-

1) वन में वास 2) अकाल से पीड़ित

प्र6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद बताएँ- (2)

क) मुझे यही खिलौना चाहिए।

ख) जो मेहनत करेगा वह फल पाएगा।

प्र7क) निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्न भरें- (1+1=2)

1) बच्चे कक्षा ........ शोर मचा रहे है।

2) दर्जी कैंची ........ कपड़े काटता है।

ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का कारक भेद बताइए-

1) वह फूलों से माला बनाती है।

2) राम ने रावण को मारा।

प्र8क) शब्द की परिभाषा लिखें। (1+1=2)

ख) निम्नलिखित तत्सम शब्दों का तद्भव रूप लिखें।

(1) पत्र (2) सूर्य

प्र9क) संधि कीजिए- (1+2=3)

1) हिम + आलय 2) सती + ईश

ख) संधि विच्छेद करें।

1) भानूदय 2) रत्नाकर

प्र10. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें- (3)

स्पर्श, वृक्ष, मोहक

प्र11. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (3)

शेर, मनुष्य, हवा

प्र12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें- (3)

जय, घृणा, अमीर, रक्षक, योगी, सत्य

प्र13. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए: (3)

क) जो पहले हो चुका हो -

ख) जिसका कोई आकार हो -

ग) जिसके माता-पिता न हो -



Scanned with CamScanner

**प्र14क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो नए शब्द बनाएँ:** **(2+1=3)**

1) ई 2) कार

**ख) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करें:**

चमकीला

**प्र15. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए:** **(3)**

क) वह लोग आ गए है।

ख) जो करेगा, वह भरेगा।

ग) सविता छत पर से गिर पड़ी।

**प्र16. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:**

क) वाह कितना सुंदर चित्र बना है **(3)**

ख) पिता जी मोहन मै कानपुर जा रहा हूँ

ग) रमेश कविता रूपा उमेश और रवि आज अनुपस्थित है

**प्र17. निर्देशानुसार करें:** **(4)**

क) चोट लगने पर विकास बहुत रोया। (रेखांकित क्रियाविशेषण का भेद बताएँ)

ख) जंगल की ओर जाने के लिए पुल पार करना पड़ता है। (संबंधबोधक छाँटे)

ग) राम ...... लक्ष्मण वन को चले गए। (समुच्चय-बोधक भरें)

घ) उफ! कितना प्रदूषण है। (विस्मयादिबोधक छाँटे)

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र18. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह)** **(3)**

लख, जनहित, गुल हो जाना, सूत्र, करिश्मा, भान न होना, संक्रामक, पिल पड़ना

**प्र19. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 2)** **(2)**

विचार-विमर्श, ज़रिया, शामत

**प्र20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई चार)** **(1×4=4)**

क) कवि ने किसको छलना बताया है?

ख) टी वी स्क्रीन पर उभरने वाली आकृति कैसी थी?

ग) जटिल सामाजिक ताने-बाने में रहने वाले मनुष्य का दिमाग कैसा होता है?

घ) दया का पात्र कौन है?

ङ) कवि किसका प्रतीक बनने के लिए कहते है?

**प्र21.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन)** **(2×3=6)**

क) जो अवसर का लाभ उठाता है वही प्रगति करता है। इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

ख) बिजली की आपूर्ति किस प्रकार शुरू हुई?

ग) आवाज़ और बातचीत में क्या अंतर है?

घ) हास-परिहास के साथ तीन प्रमुख शर्ते क्या है?

B-3

Scanned with CamScanner

**प्र22.** पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

सभी लोग बिजली के इतने अभ्यस्त हो चुके थे कि उस दिन एकाएक आपूर्ति ठप्प होने से उन्हें अजीब-सी बेचैनी होने लगी। लेकिन समूची दुनिया में यही हाल था। बिजली की आपूर्ति केवल एक शहर में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में एक साथ भंग हुई थी। नतीजा यह हुआ कि सारी गतिविधियाँ एकदम ठप्प हो गईं। पटरियों पर दौड़ती ट्रेन खड़ी हो गईं। रनवे पर विमान जहाँ के तहाँ खड़े रह गए। अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए तैयार खड़े यान लांचिंग पेड पर ही खड़े रहे। कंप्यूटरों ने काम करना बंद कर दिया। दूरसंचार भी ठप्प हो गया। अंतरिक्ष में घूम रहे उपग्रहों से संकेत मिलने बंद हो गए। सड़कों और चौराहों पर लगी बत्तियाँ तो कभी की गुल हो चुकी थीं। आधी से ज्यादा दुनिया अँधेरे में डूब गई थी।

क) यातायात के साधनों को ट्रैफिक पुलिस के इलावा कौन नियंत्रित करता है?

1) पुलिस 2) सड़कों और चौराहों पर लगी बत्तियाँ 3) सड़क पर खड़े लोग 4) ड्राईवर

ख) बिजली से चलने वाले यातायात के साधन कौन-कौन से है?

1) कंप्यूटर 2) मेगा ट्रेन 3) विमान 4) (2) और (3)

ग) टेलीफोन, रेडियो, उपग्रह आदि किसके उदाहरण हैं?

1) रनवे 2) उपग्रहों की 3) समूची दुनिया की 4) दूरसंचार की

घ) उस मंच का नाम बताएँ जहाँ से मिसाइल, रॉकेट को आगे भेजा जाता है।

1) आकाश से 2) पटरी से 3) मेगा ट्रेन से 4) लांचिग पेड से

## (खण्ड-घ) लेखन

**प्र23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**परीक्षा का पहला दिन**

**अथवा**

**वृक्षः हमारे मित्र**

**प्र24. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए।** (5)

नई कक्षा व नए स्कूल के बारे में बताते हुए नानी को पत्र लिखें।

**अथवा**

मित्र को कक्षा में प्रथम आने की बधाई देते हुए पत्र लिखें।

**प्र25.** 'बिना विचारे जो करे' विषय पर एक कहानी लिखें। (5)

**अथवा**

मोबाइल का अधिक इस्तेमाल करने वाली पुत्री तथा माँ के बीच होने वाले संवाद को लिखें।

B-4

Scanned with CamScanner